### खबर संक्षेप

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आज

**कटनी।** जिला बाल कल्यामण एवं संरक्षण समिति एवं वन स्टॉयप सेंटर समन्वंय समिति की बैठक का आयोजन सोमवार 21 जुलाई को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्य क्षता में समय-सीमा बैठक के उपरांत नवीन सभाकक्ष में की जाएगी। इस बैठक में बाल संरक्षण, बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम, पीएम केयर फॉर चील्ड्रेन योजना, वन स्टॉ प सेंटर प्रकरण, महिला हेल्पोलाइन शिकायतों जैसे अन्य महत्वॉपूर्ण बिन्दुकओ पर चर्चा एवं समीक्षा की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक 606 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 20 जुलाई तक कुल 606 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 770.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 201.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 200.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 624.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 770.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 502 मिलीमीटर, बरही तहसील में 468 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 603.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 564.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 767 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 546.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### डाकघरों में 21 जुलाई को बंद रहेगा लेनदेन

**कटनी।** डाक विभाग द्वारा डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा मे बड़ी छलांग लगाते हुये अगली पीढ़ी के एप्लीकेशन की शुरुआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी उन्नत प्रणाली को 22 जुलाई से जिले के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित बदलाव को लागू करने के लिए सोमवार 21 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली सुचारू रूप से लागू हो सके। इस एप्लीकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तीव्र सेवा वितरण और अधिक ग्राहक अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने के लिए डाक विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डाक संभाग जबलपुर के प्रवर अधीक्षक ने कहा कि इस संक्षिप्त व्यवधान के दौरान धैर्य रखें। ग्राहकों को किसी भी असुविधा के लिए खेद है। ये कदम हर नागरिक को बेहतर, तेज़ और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएँ प्रदान करने के हित में उठाए जा रहे हैं।

### टप में डूबने से मासूम बच्ची की हुई मौत

**उमरियापान।** खाम्हा गांव में पानी के टप में डूबने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि खाम्हा निवासी नंदू चौधरी की दोंनो बेटी घर में अकेली थीं। बारिश में खेलते हुए करीब डेढ़ वर्ष की छोटी बेटी आज्ञा चौधरी की पानी से भरे टप में डूबने से मौत हो गई। घटना के समय मम्मी पापा खेत में रोपा लगाने गए थे। घटना की जानकारी लगी तो परिजन घर पहुँचे, पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बच्ची का उमरियापान अस्पताल में शव परीक्षण कराकर परिजनों के हवाले कर दिया।

### ग्राम दशरमन में महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने किया राजफाश

# पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर किया सनसनीखेज अंधी हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा इस सनसनी खेज हत्या कांड के घटना स्थल का स्वंय ही निरीक्षण कर घटना से संबधित सभी पहलूओ की सूक्ष्मता से जांच करने हेतु निर्देशित किया गया जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. श्री संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक मो. शाहिद के नेतृत्व में उनके सहयोगी स्टाफ के साथ सघन जांच एंव विवेचना की गई जिसके फलस्वरूप आरोपी शैलेन्द्र कुमार पाण्डये निवासी खितौला (सिहोरा) जिला जबलपुर को महज 24 घंटे के अंदर गिरफतार कर इस सनसनीखेज अंधे हत्या कांड का खुलासा किया गया। घटना का सक्षिप्त विवरण दिनांक 17.07.27 को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम दशरमन की नीतू जायसवाल की मृत्यु हो गई है जो मर्ग कायम कर मृतिका नीतू जायसवाल का पीएम कराया गया जो पीएम उपरांत डॉक्टर द्वारा बताया गया की मृतिका के सिर में गोली लगने से मृत्यु होना बताया जो प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये थाना ढीमरखेडा में अपराध कंमाक 319/25 धारा 103 (1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर वरिष्ट अधिकारी को अवगत कराया गया। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरो के फुटेज देखे गये साथ ही मृतिका श्रीमति नीतू जायसवाल के मोबाईल नंबर का सघन परीक्षण किया गया। वैज्ञानिक अधिकारी एंव फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ द्वारा भी घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है। मृतिका श्रीमति नीतू जायसवाल के पति एंव पुत्रो से पूछताछ की गई जिन्होने बताया की श्रीमति नीतू जायसवाल अक्सर बीमार रहा करती थी जो बाहरी हवा एंव झाड फूंक पर काफी विश्वास करती थी। झांड फूंक के चलते खितौला (सिहोरा) जिला जबलपुर निवासी झाड फूंक करने वाले शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय से उनका परिचय हो गया जो शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय श्रीमति नीतू जायसवाल के घर झाड फूंक करने घर बांधने आदि बाधा को दूरे करने आना जाना हो गया था। सायबर सेल तकनीकी मदद से संदेही शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय निवासी खितौला को अभिरक्षा में लेकर सघन व अत्यत बारीकी से पूछताछ की गई जो काफी पूछताछ एंव प्रयासो के उपरात घटना को किया जाना स्वीकार किया है। साथ ही बताया की देसी कटटे से फायर कर हत्या करने के उपरात नीतू जायसवाल के आलमारी में रखी किमती सोने के जेवरात की भी लूट पाट किया है। जो आरोपी की निशानदेही पर खितौला सिहोरा से श्रीमति नीतू जायसवाल की अलमारी से लूटे गये जेवरात एक सोने की चैन, चार नग सोने के कंगन, एक सोने का हार, सोने का एक मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी एंव सोने का एक वजनी बिस्कुट जेवरात वजनी लगभग 120 ग्राम कुल कीमती लगभग 1200000/- (अंकन बारह लाख रूपये) एंव घटना में प्रयुक्त लोहे का देशी कटटा विधिवित जप्त कर आरोपी शैलेन्द्र कुमार पांडे उर्फ कल्लू पिता स्व. तीरथ प्रसाद पाण्डेय उम्र 27 साल निवासी सकरी मोहल्ला रेल्वे फाटक के पास खितौला जिला जबलपुर को गिरफतार किया गया है। प्रकरण में दौरान विवेचना आरोपी का मैमोरेण्डम धारा 23 (2) भारतीय साक्ष्य अधि. 2023 के तहत लेख किया गया जिसमें आरोपी से जप्त देशी कटटे से गन शूट कर मृतिका नीतू जायसवाल की मृत्यु कर मृतिका के घर की गोदरेज की अलमारी में रखे सोने के जेवरात लूट कर ले जाने एंव मृतिका नीतू जायसवाल के इच्छा के विरूद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाने से प्रकरण में धारा 309(6),64(1) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट की धारा बढाई गई है। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. मोहम्मद शाहिद खान उप. निरी. एम.एल. करण, विष्णुशंकर जायसवाल स.उनि जयचंद उईके, प्र.आर. दीपक श्रीवास, प्र आर. अतुल शर्मा आर धर्मवीर सिंह, आर. 608 पंकज सिंह आरक्षक 479 अजय धुर्वे, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर. जागेश्वर कुंजाम, आर. कमोद कोल की विशेष भूमिका रही है।

## आदतन अपराधी को 3 माह तक थाना में उपस्थित होने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने हरिजन बस्ती बस स्टैंड कटनी निवासी अंकित बाल्मीक पिता शंकर बाल्मीक 28 वर्ष के विरूद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना कोतवाली कटनी में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्ता प्रतिवेदन के आधार पर की है। अंकित बाल्मीक के विरूद्ध वर्ष 2015 से अब तक 7 प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। जिनमें झगड़ा करना, अवैध रूप से पैसों की मांग करना,गाली-गलौज करना, शासकीय कार्य में बाधा डालने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अंकित के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्म क कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यूवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। अंकित द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक पुलिस थाना कोतवाली कटनी में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### बिजली समस्या को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**कटनी।** रोशन नगर में बिजली की समस्या को लेकर रहवासियों ने प्रदर्शन किया। क्षेत्र का मुख्य ट्रांसफार्मर जल गया जिससे पूरे मोहल्ले में रात भर अंधेरा पसरा रहा। लोगों ने सुबह तिलक कॉलेज मार्ग पर उतरकर सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी ट्रांसफार्मर में इसी तरह आग लग चुकी है लेकिन हर बार सिर्फ अस्थायी मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी जाती है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में नया ट्रांसफार्मर मंगवाया गया और लोगों को भरोसा दिलाया गया कि भविष्य में ऐसी परेशानी नहीं होगी।

### बारिश के मौसम मे पर्यटकों के लिए स्थल बना अनुभूति का केन्द्र

## भैसाखड़ धाम में बहती रहती है अविरल धारा, कहां से आ रहा पानी बना रहस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



समीपस्थ ग्राम पंचायत बड़खेड़ा जो कि रीठी विकासखण्ड अंतर्गत है।यहां का प्रसिद्ध भैसाखड़ धाम अपने अनूठे रहस्यों को लेकर जाना जाता है। यहां का भैसाखड़ धाम वर्षा काल मे पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों को लुभा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या मे दूरदराज से लोग पर्यटक रमणीय स्थल पहुँचकर वाटर फॉल का आनंद ले रहे है। पहाड़ से कल कल निकलती जल की धारा मैं खड़े होकर प्राकृतिक सौंदर्य की अनुभूति कर रहे है।चट्टानों से पानी की निकल रही बूंदे जो झरने को आकर्षित करती है।इस मनमोहक दृश्य को देखने लोग बड़ी संख्या मे पहुँच रहे है।

#### जलधारा आज भी रहस्यमय

ग्राम बड़खेड़ा की सरपंच अंजू लोधी,आशीष लोधी सहित ग्रामीण बताते है कि भैसाखड़ धाम पहाड़ पर स्थित है। यहां भगवान शिव जी विराजमान है।पहाड़ पर एक चट्टान गुफा है वहाँ से जल धारा प्रवाहित होती है।जो कल कल,छल-छल करती हुई भूमि पर गिरती है । उक्त चट्टान से बारहमासी जल की अविरल धारा प्रवाहित होती रहती है। एक बड़ी विशेषता जो है वह यह है कि सूखा भी पड़ जाए फिर जल की अविरल का प्रवाह उक्त चट्टान से होता रहता है। यह रहस्य आज भी रहस्यमय बना हुआ है ।

भैसाखड़ धाम में प्रवाहित जल की भी बहुत बड़ी विशेषता है जो कि अनेक प्रकार की जड़ी बूटियों ये युक्त जिससे अनेक प्रकार के रोग कष्ट भी दूर होते है। उक्त स्थल आस्था का केंद्र बना हुआ है। जहां बडी संख्या मे आसपास के गाँवो का सैलाब रमणीय स्थल पहुँचता है। बताया जा रहा है कि भैसाखड़ धाम में एक गुफा है। साथ ही प्राचीन समय की कुटी बनी हुई है। झरना भी वाटरफॉल है।

### डीईओ ने स्कूल का किया निरीक्षण, जर्जर भवन में नहीं लगाए कक्षा



जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने आर . के . गौतम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया ।जाति प्रमाण पत्र और आधार अपडेट की स्थिति जानी ।उन्होंने कक्षाओं में पहुँचकर छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए अध्यपन अध्यापन को लेकर चर्चा की । इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल के भवनों को देखा,उन्होंने जर्जर भवनों में कक्षाओं नहीं लगाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों और अतिरिक्त कक्षों हेतु प्रस्ताव तैयार कर भेंजे । इस मौके पर प्रभारी बीईओ लखन बागरी, प्राचार्य संघरत्न भिलाबे,जनशिक्षक सुशील पटेल,श्रीकांत त्रिपाठी,समाजसेवी ब्रजभूषण बैरागी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### संत दामोदरदास के सानिध्य में आज होगा रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी में संत दामोदर महाराज का आगमन हुआ । सभी ग्राम वासी ने संत का आशीर्वाद लिया। संत दामोदर महाराज के सानिध्य में सावन माह में अखंड सीता राम का कीर्तन पंचमुखी सेवा न्यास दरबार में चल रहा है। संत के सानिध्य में आज सावन सोमवार को ग्राम पुरोहित संयोग शास्त्री के मार्गदर्शन में विधि विधान से भगवान शंकरजी का रुद्राभिषेक सुबह 9 बजे से पंचमुखी सेवा न्यास दरबार में होगा जिसमें क्षेत्र के भक्त बड़ी संख्या में शामिल होगे। संत दामोदर महाराज ने बताया कि सावन माह में हम सभी को अधिक से अधिक धार्मिक कार्यक्रम करना चाहिए। गरीबों की सेवा करना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्रों की मदद करते हुए उनके उजव्वज भविष्य कामना करना चाहिए। नशा से दूर रहना चाहिए।



### एक साल बाद भी क्षतिग्रस्त पुल का नहीं हुआ निर्माण

**सिलौड़ी।** ग्राम पंचायत कचनारी के ग्राम मझगवा और छीता पाल के बीच का पुल पिछली बारिश में बह चुका है परंतु अभी तक क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण नही होने के ग्रामीण परेशान है । ग्राम की सरपंच द्रोपदी बहादुर सिंह ने बताया कि अनेक बार विभाग को पत्र लिखने के बाद भी पिछले एक साल से आदिवासी समाज के लोगों को तहसील कार्यालय,जिला कार्यलय सहित अस्पताल या अन्य सामग्री हेतु आव गमन में दिक्कत हो रही है। जनसंवाद में भी सरपंच के नेतृत्व ग्रामीण शिकायत किया है ।



## देश का भौगोलिक केंद्र बिंदु उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



विंध्याचल की सुरम्य पहाड़ियों के बीच बसा करौंदी गांव,जहां भारत का भौगोलिक केंद्र बिंदु स्थित है। यह स्थल आज गुमनामी और उपेक्षा की मार झेल रहा है। देश की पहचान और गौरव का प्रतीक यह स्थल खुद अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। टूटे स्मारक, बदरंग शेर, उखड़े पत्थर और बिखरा सौंदर्य इसकी पहचान बनी है। पत्थरों से बनी कुर्सियां और फव्वारें एक टूटे पड़े हैं। परिसर में लगें पौधें भी नष्ट हो चुके है। बोर्ड में अंकित केंद्र बिंदु का इतिहास भी लोग पढ़ नहीं पा रहे है। देश के दिल की धड़कन का नजारा देख यहाँ पहुँचे लोग उदास और निराश होकर लौट जाते है।

डॉ. राममनोहर लोहिया की पहल पर 1956 में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य एसपी चक्रवर्ती की अगुवाई में केंद्र बिंदु की खोज की गई।तब सपना था कि यहां एक अंतरराष्ट्रीय आदर्श गांव बसाया जाएगा, जहां दुनिया एक साथ रह सके। डॉ.लोहिया के निधन के बाद 1968 में यहां समाजवादियों का विशाल सम्मेलन हुआ था। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय आदर्श गांव बसाने के लिए 1300 एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई गई थी, लेकिन जमीन के अभाव में पूरा सपना चकनाचूर हो गया।यहाँ 1987 में स्मारक बना, 1988 में शिक्षाविद आचार्य नरेंद्र देव की जन्म शताब्दी मनाई गई,यहाँ देश भर के शिक्षाविद और राजनीतिज्ञ शामिल हुए। जिन्होंने ही डॉ. राममनोहर लोहिया की स्मृति में इस स्थान का नाम मनोहर गांव रखा। लेकिन उसके बाद से ये स्थल उपेक्षा की गर्त में समा गया। देश की इस धरोहर को संरक्षण ही नहीं मिल सका।

साल 2018-19 में 61 लाख 30 हजार रुपये की राशि खनिज मद से स्वीकृत हुई। लोक यांत्रिकी सेवा (आरईएस) ने सौंदर्यीकरण कराया।2013 में भी 66 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य कराया गया,लेकिन सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी ने नहीं उठाई जो चौकीदार सुरक्षा में तैनात था, उसे भी हटा दिया गया।

बच्चों, युवाओं और असामाजिक तत्व स्मारक को क्षति पहुचाते हैं। सुंदर नक्काशी के पत्थरों को तोड़ते हैं,परिसर में उधम मचाते हैं।देश के दिल मे बसी यह धरोहर एकदम खुली पड़ी है।जिला प्रशासन भी उदासीन है। इस उपेक्षा से स्मारक लगातार क्षतिग्रस्त हो रहा है।

### जिला प्रशासन ने स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने भेजा था राज्य शासन को प्रस्ताव

# 21 माह बीते स्लीमनाबाद अब तक नहीं बन सका नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




विधानसभा चुनाव के समय प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने की घोषणा की थी जिसके बाद उम्मीद जागी थी कि जल्द स्लीमनाबाद नगर परिषद के अस्तित्व मे आएगी।

मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने जिला प्रशासन स्तर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद ने सितंबर 2023 में ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास को भी भेजा। प्रेषित प्रस्ताव में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद की राजस्व आय, संपत्ति कर, वार्षिक भाड़ा, घरों में नल जल द्वारा जल प्रदाय, बाजार आमदनी, भवन की उपलब्धता , जनसंख्या, सड़कों एवं पक्की नालियों सहित विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत खंभों की उपलब्धता आदि बिंदुओं का सिलसिलेवार विवरण भेजा। लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणा के 21 माह बीते चुके है। अब तक स्लीमनाबाद नगर परिषद नही बन सका, न ही प्रक्रिया को लेकर कुछ अता -पता है।

#### 5 ग्राम पंचायतें की गईं थी शामिल

कलेक्टर की ओर से स्लीमनाबाद नगर परिषद में ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद ,पडवार, बंधी स्टेशन, छपरा, सिहुडी छपरा को शामिल किया गया। स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने की सभी पांचों ग्राम पंचायतों से सहमति भी प्राप्त की गईं । इन सभी पांचो ग्राम पंचायत को मिलाकर कुल जनसंख्या 21 हजार 618 होती है जो कि नगर परिषद के लिए निर्धारित मापदंड के अनुसार है।

जनसंख्या के भेजे विवरण में ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद की कुल जनसंख्या 9 हजार 481 ,ग्राम पंचायत पडवार की जनसंख्या 3 हजार 673 ,ग्राम पंचायत बंधी स्टेशन की जनसंख्या 2 हजार 782, ग्राम पंचायत छपरा की आबादी 3 हजार 739 एवं ग्राम पंचायत सिहुडी छपरा की जनसंख्या 2 हजार 743 को मिलाकर नगर परिषद गठन हेतु कुल जनसंख्या 21 हजार 618 होने का ब्यौरा शासन को भेजा गया है जो नगर परिषद गठन के लिए जरूरी आबादी के आंकड़े को पूरा करती है। ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद की राजस्व आय 6 लाख रुपए है

प्रस्तावित स्लीमनाबाद नगर परिषद में 5 ग्राम पंचायतों के 9 गांव शामिल किये गये इनमें स्लीमनाबाद,हरदुआ, बंधी स्टेशन, घुघरी, पड़वार ,छपरा , सिहुडी, डुंगरिया और देवरी गांव शामिल है। प्रस्तावित स्लीमनाबाद नगर परिषद में पांच पटवारी हल्का स्लीमनाबाद , पडवार ,बंधी स्टेशन, छपरा और सिहुडी शामिल रहेंगे।

#### इनका कहना है

विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने की घोषणा प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा की गई थी। घोषणा अनुरूप स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाये जाने को लेकर सभी आवश्यक पूर्तियाँ पूर्ण कर प्रस्ताव कलेक्टर की ओर से राज्य शासन स्तर पर भेजा गया है। अब तक स्लीमनाबाद नगर परिषद के अस्तित्व मे नही आ सकी इसमें क्या रूकावट राज्य शासन स्तर से आ रही है इसके लिए मुख्यमंत्री से भेंटकर स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने की प्रक्रिया को मूर्तरूप देने की मांग की जाएगी।

## तिलक कॉलेज में 200 कम्प्यूटर क्षमता की लैब का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन की दिशा में अग्रसर होते हुए विधायक संदीप जायसवाल के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में 200 कम्प्यूटर क्षमता के लैब निर्माण हेतु 2.98 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है । मुख्यमंत्री की सहमति से यह प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन को प्राप्त होते ही उक्त राशि की स्वीकृति शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में कम्प्यूटर लैब निर्माण हेतु दी गयी है ।

#### डिजीटल शिक्षा को बढ़ावा

प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बाजपेयी ने बताया है कि विद्यार्थियों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में विधायक श्री जायसवाल की यह पहल सराहनीय है। 200 कम्प्यूटर लैब की क्षमता के लैब के निर्माण होने पर न केवल डिजिटल शिक्षा बढ़ेगी, अपितु राज्य एवं केन्द्र की विभिन्न ऑनलाईन परीक्षाओं का केन्द्र भी भविष्य में महाविद्यालय को प्राप्त होगा। जिससे जिले के विद्यार्थी लाभान्वित होगे। पूर्व में भी विधायक श्री जायसवाल के द्वारा इस महाविद्यालय में विधायक निधि से कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर लैब निर्माण हेतु राशि प्रदान की गयी थी। इसके अलावा कैन्टीन कार्य को पूर्ण कराने में भी विधायक श्री जायसवाल का सहयोग प्राप्त हुआ था। महाविद्यालय परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सांसद डॉ. व्ही.डी. शर्मा एवं विधायक श्री जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

खबर संक्षेप



## विधायक ने छात्रावास में किया पौधारोपण

**बड़वारा।** एक पेड़ मां के नाम पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने आदिवासी बालक छात्रावास बड़वारा में वृक्षारोपण किया। आदिवासी बालक छात्रावास में विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण करने के पश्चात छात्रों के साथ स्वल्पाहार किया एवम छात्रों के साथ बातचीत कर छात्रावास में प्राप्त सुविधाओं की जानकारी ली। खेल पढ़ाई स्वास्थ को लेकर छात्रों को विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा जानकारी दी गई छात्रों के कमरों में साफ सफाई देख प्रसन्नता जाहिर की गईं कार्यक्रम में साथ में केतन गर्ग, हर्ष द्विवेदी , छात्रावास अधीक्षक संजय कुशवाह एवं छात्रावास के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की उपस्थिति रही।

## स्वरोजगार स्थापित करने 50 लाख तक का ऋण

**कटनी।** मप्र शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रदेश में दो कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना। मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से संचालित इन योजनाओं का क्रियान्वयन समस्त पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले के समस्त शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि इन दोनों योजनाओं के तहत जिले को आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों को लक्ष्य आवंटित किया गया है। उन्होंने समस्त शाखा प्रबंधकों को विशेष रूप से निर्देशित किया है कि शाखा प्रबंधक आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध समस्त पोर्टल पर प्राप्त ऋण प्रकरणों पर कार्यवाही करने सुनिश्चित करेंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए बेवसाइट का उपयोग किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जनजाति कार्य विभाग से संपर्क किया जा सकता है। इस योजना के द्वारा उद्योग इकाई के लिए 01 लाख से 50 लाख रुपए और सेवा इकाई के लिए 01 लाख से 25 लाख रुपए तक की परियोजना लागत के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को जिले का स्थाई निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना चाहिए। आवेदक को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

## तेवरी स्कूल के खिलाडी बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिखाएंगे जौहर

**स्लीमनाबाद।** स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 15 जुलाई से विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी तारतम्य में शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी से विकासखंड स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अंतर्गत शासकीय महावीर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद में बैडमिंटन प्रतियोगिता का ट्रायल आयोजित किया गया! जिसमें विद्यालय के खेल प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि U/17 सिंगल में सागर यादव, U/17 डबल में प्रदीप चक्रवर्ती व प्रिंस नामदेव विजेता और U/19 में धनु कुमार शाह उपविजेता का खिताब जीतकर जिले के लिए क्वालीफाई किया। जो अब बैडमिंटन प्रतियोगिता मै जिला मै अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी बैठक आज

**कटनी।** आगामी 15 अगस्त को होने वाले स्वातंत्रता दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम को सफल एवं सुचारू रूप से मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यवस्थातओं की तैयारी हेतु कलेक्टकर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सोमवार 21 जुलाई को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रे ट नवीन सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। संबंधित विभागों को तैयारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये गए हैं।

### महापौर ने निगम अधिकारियों एवं एमआईसी सदस्यों के साथ किया निरीक्षण, विद्यार्थियों से किया संवाद

# 1.10 करोड़ से निर्माणाधीन शाला भवन की परखी गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के शासकीय स्कूलों के अध्ययनरत छात्रों को स्कूलों के माध्यम से पठन-पाठन की बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा शिक्षा उपकर मद से करीब एक करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित कराए गए निषाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड के शाला भवन का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शनिवार को क्षेत्रीय वार्ड पार्षद एवं एम आई सी सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी के साथ निरीक्षण कर आधिकारियो को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी, शाला प्राचार्य प्रकाश द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि निशांत देववंशी की मौजूदगी रही।

### शीघ्र पूर्ण कराएं बकाया कार्य

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं शाला स्टॉफ के साथ शाला भवन के जी प्लस वन स्ट्रक्चर के



सभी आठ कक्षों एवं विद्यार्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए पृथक - पृथक टॉयलेट सहित भवन में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान छात्रों की शैक्षणिक सुविधा के मद्देनजर कक्षाओं में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था, खिड़कियों में स्लाइडर एवं जाली, बरामदे में पंखा व शाला कक्ष के दरवाजों के दोनों ओर स्टॉपर सहित समुचित पेयजल की व्यवस्था शीघ्र पूर्ण कराते हुए शाला भवन को भव्यता से लोकार्पित कराकर छात्रों को सौंपने के निर्देश दिए।

### खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की छात्रों को दी सीख

निरीक्षण करने वेंकट स्कूल पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने कुमारी प्रतिज्ञा दहिया एवं अभिषेक लोधी सहित अन्य छात्रों से संवाद कर नाम, अध्ययनरत कक्षा, शिक्षा, रुचिकर विषयों सहित सामान्य ज्ञान की चर्चा कर अपने भविष्य का लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति हेतु खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी। महापौर ने कहा कि शिक्षा मात्र एक



व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार एवं सफल नागरिक बनाता है। इसके पूर्व विद्यार्थियों द्वारा द्वारा नवीन शाला भवन की मिलने जा रही सौगात के लिए तालिया बजाकर महापौर का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### विद्यार्थियों को साइकिल का वितरण

महापौर श्रीमति सूरी ने निरीक्षण के दौरान शासन के स्कूल चले हम अभियान एवं मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना के तहत निषाद स्कूल की कक्षा नवमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों संदीप बर्मन, हीर केवट काजल रजक, पूजा वर्मा, शालिनी चौधरी को साइकिल का वितरण किया।

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा ₹एक पेड़ मां के नाम अभियान₹ के तहत पार्षदों एवं शाला प्रबंधन के शिक्षकों के साथ मिलकर फलदार ओर फूलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नवीन स्कूल बिल्डिंग का जायजा लेने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी द्वारा शिक्षकों की मौजूदगी में स्कूल लाइब्रेरी सहित संपूर्ण शाला परिसर का निरीक्षण कर पानी टंकी के पास पड़ी निर्माण सामग्री एवं गंदगी की सफाई कराने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए।

### गुलाबचंद स्कूल में 2 करोड़ रुपए से बनेगा शाला भवन

महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि नगर के शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के पठन-पाठन की सुविधाओं के विस्तार के प्रयास निगम प्रशासन द्वारा निरंतर जारी है। जिसके तहत लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से गुलाबचंद स्कूल में नवीन सर्व सुविधायुक्त शाला भवन के निर्माण कार्यवाही भी पूर्ण हो चुकी है। शीघ्र ही भूमिपूजन उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वहीं नगर के अन्य शासकीय स्कूलों की आवश्यक प्राथमिक सुविधाओं के विस्तार हेतु निगम द्वारा प्रस्ताव तैयार कर विकास कार्य प्रारंभ कर दिए गए है, ताकि छात्रों को गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

# ब्लाक स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का विधायक द्वारा किया गया शुभारंभ

*पढ़ाई के साथ ही खेलों के महत्व की विद्यार्थियों को दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा प्रांगण स्थल पर 19 जुलाई 2025 को विभिन्न विधाओं से संबंधित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा वीणावादिनी माँ सरस्वती की पूजा पश्चात रिबन काटकर किया गया।

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के महत्व की जानकारी देते हुए अवगत कराया, उन्होंने बताया कि हमारे दैनिक जीवन में शरीर को स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रखने के लिए खेल को अपने दिनचर्या में अपनाना चाहिए। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मोबाइल



एवं नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहना चाहिए।

विभिन्न विद्यालयों से आए हुए अंडर 14,अंदर17,अंदर19 सभी बालक/बालिकाओ से परिचय प्राप्त कर उन्हें जिले, संभाग एवं प्रदेश में अग्रणी रहकर अपना नाम रोशन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की। छात्रावास अधीक्षक संजय कुशवाह ने विकासखंड बड़वारा की उपलब्धियां को अवगत कराते हुए, मुख्य एवम विशिष्ट अतिथि एवं मनचासीन सभी अतिथियों के साथ-साथ समस्त बच्चों एवं शिक्षकों का आभार प्रदर्शन किया।

क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही, खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, संघटना, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है।

### इनकी रही उपस्थिति

बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अजय सोनी, संतोष दुबे, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग ,करण सिंह ठाकुर , संजय कुशवाहा, राजेंद्र,राजेश तिवारी, राजेश चौधरी अनुपम सिंह, राकेश सेन , के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों से आए खेल शिक्षक उपस्थित रहे ।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 54 चालकों पर हुई कार्रवाई



सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं एएसपी डॉ संतोष डेहरिया मार्गदर्शन में में जिलेभर में "सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं अपराध नियंत्रण अभियान" संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में गत रात 10 बजे से 12 बजे तक जिलेभर में विशेष रात्रिकालीन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कटनी पुलिस के प्रत्येक थानों व्दारा मुख्य मार्गो, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर वाहन चालकों को रोककर ब्रीथ एनालाइज़र मशीन से जांच की गई। इस दौरान कुल 54 वाहन चालकों को शराब सेवन कर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई कर वाहन जब्त किए गए । एवं अन्य प्रावधानों के अंतर्गत 18 वाहन चालकों पर यातायात नियम उल्लंघन में चालानी कार्यवाही कर 6,800 समन शुल्क वसूला गया । 18 चालकों पर यातायात नियम उल्लंघन में चालानी कार्यवाही कर 6,800 रूपए समन शुल्क वसूला गया। 54 चालकों पर नशे में वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई। सभी चालकों की ब्रीथ एनालाइज़र से जांच, रात्रिकालीन सघन चेकिंग से असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण ,थाना प्रभारियों द्वारा टीम बनाकर अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट लगाए गए।

# डिजिटल कौशल के माध्यम से विद्यार्थी बना सकते है अपना कैरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मै शनिवार को युवा कौशल सप्ताह अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम प्रभारी डॉ अशोक पटेल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत वर्तमान में उपयोगिता एवं विद्यार्थियों को डिग्रीके साथ साथ स्किल्ड होने हेतु शासन द्वारा लगातार कौशल विकास कैसे किया जाये। इस पर कार्यक्रम हो रहे है ताकि युवा अपने आप को सशक्त बना सके। डिजिटल कौशल के माध्यम से विद्यार्थी कैसे अपना कैरियर बना सकते है। यह जानकारी



प्रदान की गईं। वहीं डॉ प्रतीक चौबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2020 मै उच्च शिक्षा द्वारा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अपने कौशल को बढ़ाने का अवसर दिया जा रहा है!महाविद्यालय मै विद्यार्थी इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

युवा कौशल को देश भक्ति की शक्ति बताते हुए छात्र -छात्राओं को प्रतिभा दिखाने का संदेश दिया।

इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव, डॉ शैलेन्द्र जाट सहित महाविद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही!

# महापौर एवं मातृ शक्तियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने दिया संदेश

*महापौर ने एक पौधा मां के नाम रोपण करने किया प्रेरित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को जालपा देवी वार्ड स्थित तिलक राष्ट्रीय स्कूल मैदान के पीछे आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नीम के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने मातृशक्तियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार ,फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रकृति के प्रति सभी ने अपना फर्ज निभाया

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्थानीय पार्षद डॉ रमेश सोनी ,पार्षद सचिन बहरे, पूर्व पार्षद सुभद्रा सोनी, मातृशक्ति श्रीमती रजनी सोनी, शालिनी सोनी, मंजू







सोनी, गीता रावत, रीना बरसैंया,ऊषा दुबे ममता दुबे, लता सराफ, लक्ष्मी सोनी, पूनम सोनी, गीता बरसैंया, सुनीता बरसैंया, मंजू रजक, श्याम बाई रजक, श्रीमति मंजू रजक सहित गणमान्य नागरिक राकेश बरसैंया, राजेंद्र सोनी, राजेश बरसैंया, रवि बरसैंया, राहुल नगरिया राहुल नगरिया, नरेंद्र चौदहा, सुनील कुदरहा, बंटी जैन, शरद गुप्ता, महेश, मक्खन कुंडे सहित अन्य पर्यावरण प्रेमियों की उत्साहजनक मौजूदगी रही।

पौधारोपण अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि हम सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम रोपण कर उसकी रक्षा करने का संकल्प ले। यह आपकी तरफ से मां को एक अनमोल उपहार होगा। सतत जीवन शैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप पौधे का रोपण करने की बात महापौर द्वारा कहते हुए नगरवासियों से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान कर अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने का आग्रह किया गया।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

# बालक एवं बालिका को समान अवसर देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ममता कुमारी रविवार को कटनी के दौरे पर रहीं। जहां उन्होंनि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के संचालन, महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, कर्मचारियों की उपलब्धता, दस्तावेज संधारण, परामर्श की गुणवत्ता एवं अनुवर्तन की बारीकी से समीक्षा की।

सदस्य श्रीमती ममता कुमारी द्वारा सेंटर के बेहतर संचालन हेतु आश्रय प्राप्त महिलाओं के लिए रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन, साहित्य, खेल आदि सुविधाओं की उपलब्धता एवं बच्चों के लिए प्ले एरिया बनाने का सुझाव दिया गया। श्रीमती ममता कुमारी



द्वारा वन स्टॉप सेंटर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास एवं श्रीमती शैली तिवारी उपस्थित रहे।

वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के उपरांत श्रीमती ममता कुमारी द्वारा भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन अंतर्गत आज़ाद चौक स्थित विवाह से पूर्व परामर्श केंद्र का उद्घाटन किया गया। श्रीमती ममता कुमारी भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा नगर निगम ऑडिटरियम में आयोजित महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सम्मिलित हुईं। श्रीमती ममता कुमारी द्वारा अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय महिला आयोग के इतिहास, स्वरुप, कार्य और दायित्वों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि महिलाएं और पुरुष समान रूप से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने बालक और बालिकाओं को एक समान महत्व देने, उन्हे शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के समान अवसर देने पर जोर दिया। श्रीमती ममता कुमारी ने संयुक्त परिवार के महत्व, बचपन से ही बच्चों को संस्कारित करने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंशने विवाह से पूर्व परामर्श हेतु परामर्श केंद्रों की स्थापना को आवश्यक बताया। श्रीमती ममता कुमारी द्वारा भारतीय संस्कृति में महिलाओं को प्राप्त उच्च और महत्वपूर्ण स्थान, महिलाओं के संविधानिक अधिकारों एवं सरकार द्वारा उनके सशक्तिकरण हेतु किये गये प्रावधानों का उल्लेख भी अपने उद्बोधन में किया गया।

महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम में श्रीमती प्रीती संजीव सूरी, महापौर नगर पालिक निगम कटनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। श्रीमती ममता कुमारी एवं श्रीमती प्रीती संजीव सूरी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बेबी



# बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेलवे स्टेशन में चलाया गया महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति कटनी, विशेष किशोर पुलिस इकाई, आर. पी. एफ. एवं अशासकीय संस्थाओ के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम द्वारा कटनी एवं मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर रेस्क्यू एवं जागरूकता की कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान 5 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। जिन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिससे उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़े जाने और पुनर्वास की कार्यवाही की जा सके। साथ ही यात्रीगणों एवं वेंडर्स को जागरूक किया गया कि बाल भिक्षावृत्ति अपराध है, बच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा दें। यदि कोई बच्चा स्टेशन परिसर या आस-पास भिक्षावृत्ति करता हुआ मिलता है, तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, आर. पी. एफ., विशेष किशोर पुलिस इकाई कटनी ,जिला बाल संरक्षण इकाई या बाल कल्याण समिति को दें।

अभियान अंतर्गत संयुक्त टीम में योगेश सिंह बघेल अध्यसक्ष बाल कल्याण समिति, दुर्गेश मरैया सदस्य बाल कल्याण समितिकटनी, वनश्री कुर्वेतीसहायक संचालक, मनीष तिवारी, अजय दुबे, शैलजा पाण्डेय, महिला एवं बाल विकास विभाग, मुकेश परोहा, विशेष किशोर पुलिस इकाई कटनी, आर.पी.एफ., देवेंद्र गुप्ता, विक्टर की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

### धूमधाम से मनाई जाएगी लवकुश जयंती

**दमोह।** जिला कुशवाहा समाज संगठन की बैठक ग्राम माराहार में आयोजित हुई जिसमें लव कुश जयंती की तिथि 10 अगस्त रविवार को दमोह में धूमधाम से मनाए जाने की बात हुई साथ जिला कुशवाहा समाज संगठन के कमलेश कुशवाहा को दमोह ब्लाक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ईश्वर दास साईं बाबा, जिला सचिव डालचंद पटेल कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष गोबिंद राम कुशवाहा, कोषाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, संयोजक द्वारका कुशवाहा, प्रताप कुशवाहा, राघवेंद्र कुशवाहा एवं समाज के सभी वरिष्ठ समाज सेवी संलित हुए।

### अप्रवासी भारतीयों के सम्मान के लिए शुरू हुआ अभियान

**खजुराहो।** दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर फ्रांस-इटली और मतंगेश्वर सेवा समिति खजुराहो ने अप्रवासी भारतीयों को भारत में विशेष सम्मान दिलाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। फ्रांस में रहने वाले रहीश भारती को भारतीय ग्रामीण और क्षेत्रीय कला के प्रचार-प्रसार के लिए पद्मश्री पुरस्कार की सिफारिश की गई है। दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर फ्रांस व इटली और खजुराहो की मतंगेश्वर सेवा समिति के पंडित सुधीर शर्मा ने यूरोप में एक अनूठा अभियान शुरू किया है।

सावन माह के दूसरा सोमवार पर पिपलेश्वर महादेव की शाही सवारी आज, बड़ी संख्या में शामिल होंगे शिवभक्त

# पिपलेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र, बड़ी संख्या पहुंचते हैं शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा






भगवान शिव के अतिप्रिय सावन माह में नगर सहित क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। सावन माह का आज दूसरा श्रावण सोमवार है आज शिवालयों में बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचकर भगवान महादेव की पूजा-अर्चना कर इच्छित आशीर्वाद लेगें। वैसे तो क्षेत्र में कई शिवालय है, लेकिन इनमें से थाना परिसर में स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव का मंदिर अति प्राचीन है यह शिवालय, श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वैसे तो यहां साल भर शिव भक्तों का आना-जाना होता है, लेकिन सावन माह में बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचते हैं और भगवान महादेव की पूजा-अर्चना करते हैं। स्थानीय शिवभक्त बताते हैं कि थाना परिसर स्थित मंदिर की कुछ अलग ही खासियत है। यह शिव मंदिर नगर का सबसे पुराना मंदिर है जब तेंदूखेड़ा नगर नहीं था और एक छोटा सा गांव हुआ करता था तब इस मंदिर में भगवान शिवजी की स्थापना हुई थी। उस समय नगर में कोई अन्य शिव मंदिर नहीं था दरअसल यह शिव मंदिर दमोह के चंदोरा गांव के रहने वाले पंडित स्वर्गीय कन्हैयालाल तिवारी (दाड़ी वाले मुंशीजी) द्वारा बनवाया गया था, जो थाने में पदस्थ थे। जब उनकी पहली पदस्थापना तेंदूखेड़ा थाना में हुई थी तो उन्होंने इस मंदिर निर्माण कराकर शिवलिंग की स्थापना कराई थी। ये शिवलिंग मां नर्मदा की नगरी भेड़ाघाट से लेकर आए थे। हालांकि उस समय थाना परिसर में छोटा सा मंदिर बना था, लेकिन समयानुसार अब यह मंदिर ने भव्य रूप ले लिया है। समाजसेवी मदन नामदेव बताते हैं कि थाना परिसर स्थित मंदिर 100 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है, मंदिर में स्थापित शिवजी अद्भुत है शिवभक्तों के लिए आस्था का केंद्र है मान्यता है कि यहां पिपलेश्वर महादेव (शिवलिंग) से उनके भक्त सच्चे मन से जो मनोकामनाएं करते हैं, वह पूरी होती है

#### वर्ष 2016-17 में हुआ था मंदिर का जीर्णोद्धार

पूर्व में यह मंदिर छोटा था एवं पुराना हो गया था वर्ष 2016-17 में यहां आरपी पांडे नाम के थाना प्रभारी आए थे जिन्होंने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था अब नगर के गणमान्य नागरिक और धर्मावलंबियों द्वारा इस मंदिर की देखरेख कमेटी बनाकर कर रहे हैं पिपलेश्वर महादेव के नाम से मंदिर का नाम रखा गया है। क्योंकि यह मंदिर एक विशालकाय पीपल के पेड़ के नीचे है। बुजुर्ग बताते हैं कि जब भी पुलिस थाना में कोई अधिकारी-कर्मचारी पहली बार पदस्थ होने आते हैं तो सबसे पहले शिवजी के दर्शन कर आशीर्वाद लेते हैं और फिर उसके बाद कोई कार्य होता है

#### पिपलेश्वर महादेव की शाही सवारी आज

शिवभक्तों के लिए सावन का दूसरा सोमवार विशेष महत्व है इस सोमवार को कई विशेष संयोगों में पड़ेगा इस दिन तेन्दूखेड़ा नगर में हर तरफ भोलेनाथ की जय जयकार गूंजेगी नगर के प्रसिद्ध शिवालय पिपलेश्वर महादेव मंदिर से शिवभक्तों की भीड़ के साथ धूमधाम से भोलेनाथ की शाही सवारी निकलेगी ने शिवभक्त हरविंदर सिंह खुराना ने बताया कि सुबह नौ बजे से भोलेनाथ का रुद्राभिषेक होगा और पूजा अर्चना के उपरान्त दोपहर 3 बजे पिपलेश्वर महादेव मंदिर से शाही सवारी प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेंगी जहां मुख्य मार्गों से होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर स्थित गुरैया नदी में शाही सवारी का विश्राम होगा शाम को पिपलेश्वर महादेव की महाआरती की जाएगी।

## कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

रविवार को यादव महासभा के तत्वाधान में एक विशेष बैठक पंचवटी मंदिर में आयोजित की गई बैठक मे प्रतिवर्षानुसार इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ से मनाने विचार विमर्श किया गया। उपस्थित यादव महासभा के लोगों ने कहा कि इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ बड़े श्रद्धा भाव से भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस संबंध में यादव महासभा के अध्यक्ष कृष्णा यादव ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रतिवर्षानुसार बडे हर्षोल्लास धूमधाम श्रद्धा भाव के साथ भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इस दौरान कृष्णा यादव जिला अध्यक्ष युवा यादव महासभा दमोह, तुलाराम यादव जनपद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा संतोष यादव बलराम यादव गिरिजाशंकर यादव लखन यादव कमल नारायण यादव गोविंद यादव लाल सिंह यादव भगवानदास यादव आशीष यादव जितेंद्र यादव मुकेश यादव लक्ष्मण यादव पूरन यादव रामकुमार यादव भारत यादव नरेंद्र यादव बृजेश यादव राजू यादव सहित काफी संख्या में यादव महासभा के लोग उपस्थित रहे।

## शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से तीन जन्मों के पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं - आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज

**दमोह।** स्थानीय नंदीश्वर महादेव नंदीवन मंदिर परिसर में चल रहे शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस में प्रात 7 बजे से शिवलिंग निर्माण प्रारम्भ हुआ एवं प्रातः 9 बजे से रूद्राभिषेक प्रारम्भ होकर मध्यान 12 बजे सम्पन्न हुआ वहीं अपरान्ह 3 बजे से श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि बिल्व पत्र चढ़ाने से तीन जन्मो के पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं जैसे उनके त्रिशूल में तीन शूल होते हैं शिव की तीन आंखें हैं शिव के माथे पर लगा त्रिपुंड भी तीन रेखाओं वाला होता है वहीं शिव जी को भक्त जो बेलपत्र चढ़ाते हैं वह भी तीन पत्तियों वाला होता है तीन असुरों ने अजेय बनने की कोशिश में तीन उड़ने वाले नगर बनाए जिनको त्रिपुर कहा गया इन नगरों को अद्भुत कौशल के साथ निर्मित किया गया तीनों अलग अलग दिशाओं में उड़ते थे जिन्हें भेद पाना पूरी तरह से असंभव था उन्हें नष्ट करने का बस एक ही रास्ता था कि तीनों को एक ही बाण से तब भेदा जाए जब वे एक सीध में हों अपने बुद्धि कौशल से निर्मित नगरों पर खुश हो कर असुर अहंकारी हो गए और देवताओं को आतंकित करने लगे तब देवता शिव की शरण में गए। महादेव ने धरती को रथ बनाया सूर्य और चंद्रमा को उस रथ के पहिये मन्दरांचल पर्वत को धनुष और काल के सर्प आदिशेष की प्रत्यंचा चढ़ाई स्वयं श्री हरी विष्णु बाण बने वे युगों तक इन नगरों का पीछा करते रहे जब तक वह क्षण नहीं आ गया कि तीनों पुर एक सीध में आ गए जैसे ही यह हुआ शिव जी ने पलक झपकते ही बाण मारा। तीनों नगर तुरंत ही जल कर राख हो गए फिर शिव ने उन पुरों की भस्म को अपने शरीर पर लगा लिया जब शिव ने इन पुरों को नष्ट किया तब विषयगत संसारों का प्रतिनिधित्व कर रहे सूक्ष्म जगत सामाजिक संसार और व्यापक संसार भी नष्ट हो गए वे तीन वस्तुगत संसारों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं आकाश जिसमें देवता रहते हैं पृथ्वी जिसमें मनुष्य रहते हैं और पाताल जिसमें असुर निवास करते हैं त्रिशूल शिव के साथ हमेशा त्रिशूल देखने को मिलता है शिव जी का त्रिशूल उनकी एक पहचान है शिव जी का त्रिशूल तीन ताप का द्योतक है ये तीन ताप है आध्यात्मिक ताप यानि अविद्या आधिभौतिक ताप यानि रोग एवं आधिदैविक ताप यानि निर्धनता भगवान शिव के त्रिशूल धारण करने के पीछे कई रहस्य और प्रतीकात्मक अर्थ हैं मुख्य रूप से त्रिशूल तीन गुणों सत्व रज तम और तीन कालों भूत, वर्तमान भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है यह बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है त्रिशूल तीन गुणों सत्व ज्ञान शांति तम अज्ञान आलस्य का प्रतिनिधित्व करता है भगवान शिव इन तीनों गुणों से परे हैं लेकिन वे इन तीनों गुणों के धारक भी हैं त्रिशूल तीन कालों भूत वर्तमान और भविष्य का प्रतीक है यह दर्शाता है कि भगवान शिव तीनों कालों के स्वामी हैं यह दर्शाता है कि भगवान शिव बुराई को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं त्रिशूल ब्रह्मांडीय संतुलन का भी प्रतीक है यह दर्शाता है कि भगवान शिव ब्रह्मांड को संतुलित करते हैं त्रिशूल भगवान शिव की दिव्य शक्ति का प्रतीक है यह दर्शाता है कि भगवान शिव सर्वशक्तिमान हैं. त्रिशूल आध्यात्मिक परिवर्तन का भी प्रतीक है यह दर्शाता है कि भगवान शिव भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते है शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा कुछ व्याख्याओं में त्रिशूल शरीर मन और आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है त्रिशूल सृजन संरक्षण और विनाश का भी प्रतीक है जो ब्रह्मांड के तीन मुख्य कार्य है त्रिशूल सृष्टि के आरंभ में भगवान शिव के साथ प्रकट हुआ था जब तीन गुण रज तम और सत्व भी प्रकट हुए थे त्रिशूल भगवान शिव के व्यक्तित्व शक्तियों और ब्रह्मांड में उनकी भूमिका का एक शक्तिशाली प्रतीक है।

## सिंग्रामपुर में शिव भक्ति का अनोखा आयोजन

### पार्थिव शिवलिंग बनाकर 12 ज्योतिर्लिंग के करवाए जा रहे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर





सिंग्रामपुर ग्राम में एक दिवसीय रुद्री व पार्थिव शिवलिंग निर्माण महामृत्युंजय जाप शिवार्चना का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से मिट्टी के हुबहू 12 ज्योतिर्लिंग बनाकर उनके पूजन दर्शन का सौभाग्य भक्तों को मिला। आचार्य पंडित आशीष कृष्ण चारणानुरागी गुरु महाराज ने बताया कि सावन के महीने में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति सावन माह में प्रतिदिन इन ज्योतिर्लिंगों का नाम जपता है दर्शन करता है भगवान ऐसे भक्तों के समस्त पाप नष्ट करते हैं भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया और दर्शन लाभ प्राप्त किया। समापन अवसर पर पार्थिव शिवलिंग की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक के बाद जलविहार यात्रा संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विश्व शांति और भक्तों को भगवान शिव की कृपा का अनुभव कराना है। आचार्य पंडित आशीष गुरु ने बताया कि श्रावण मास भगवान भोले नाथ की आराधना का सबसे उत्तम मास है और इस महीने में भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल

## सीएम राइज बालक छात्रावास में 200 फलदार पौधे किये रोपित




**दमोह ।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा सीएम राइज बालक छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान सीएम राइज बालक छात्रावास में लगभग 200 फलदार पौधे रोपित किए गए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा हम सभी संकल्प लेकर एक पेड़ अवश्य लगाए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम जन-जन तक पहुंच रहा है, लोग प्रभावित होकर निरंतर पेड़ लगाने का कार्य कर रहे हैं, निश्चित ही यह एक क्रांतिकारी कदम है। सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 200 से 250 फलदार पौधों का रोपण किया गया है ताकि आगे आने वाले समय में यह वृक्ष बनकर ऑक्सीजन, फल, छाया के साथ एक अच्छा वातावरण उपलब्ध कराएंगे। सहायक प्राचार्य अजय सिंघई ने कहा शासन द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है हम सभी लोगों ने भी एक-एक पेड़ लगाया है और सभी लोगों से अपील करते हैं कि सभी एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाए। कार्यक्रम में रुपेश सेन, प्रदीप सिंघई, रानू नामदेव, जुगल शर्मा, मोंटू बाजपेई, संतोष तिवारी, राजेंद्र जैन, मयंक जैन, नारायण शर्मा, मिथलेश तिवारी, जितेंद्र जैन, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक-शिक्षिकाए, छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

## कम्युनिकेशन टीम का हुआ प्रशिक्षण

**दमोह।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद उपचुनाव निर्वाचन 2025 (पूर्वार्ध) के लिए मतदान केन्द्रों पर रहकर विभिन्न प्रकार की सूचनाओं का संचार करने के लिए तहसील परिसर के सभागार में आज कम्युनिकेशन टीम के सदस्यों का प्रशिक्षण रिटर्निंग अधिकारी राकेश सिंह मरकाम के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर माधव पटेल ने कम्युनिकेशन टीम के सदस्यों को मतदान दलों के मतदान दलों के केंद्रों पर पहुंचने से लेकर मैकपॉल सहित मतदान दल वापसी तक की विभिन्न सूचनाओं का संचार किस प्रकार किया जाना है, के बारे में विस्तार से बताया गया

## बाबूलाल विश्वकर्मा बने प्रदेश सह प्रचार मंत्री

**दमोह।** राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा प्रदेश बैठक में बाबूलाल विश्वकर्मा को प्रदेश सह प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। दिनांक को जेपीबी कन्या विद्यालय के सभागार में प्रदेश से पधारे भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव, भारतीय मजदूर संघ के विभागीय प्रमुख धर्मेंद्र चौबे, राज्य कर्मचारियों के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, भारतीय मजदूर संघ के प्रवीण तिवारी, संजीत तिवारी, अरविंद असाटी के द्वारा माल्यार्पण का उज्जवल भविष्य की कामनाएं एवं शुभकामनाएं दी।

## आज होगा जनपद क्षेत्र 16 गैसाबाद उपचुनाव की मतदान सामग्री का वितरण

**दमोह।** पंचायत उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्ध) मतदान जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 की मतदान सामग्री का वितरण आज 21 जुलाई को रिटर्निंग अधिकारी हटा के कार्यालय से सेक्टर सुपरवाइजर एवं प्रबंधन दल को किया जाएगा। इस सबंध में रिटर्निंग अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया दमोह जिले में पहली बार हो रहे पेपरलेस चुनाव में सामग्री मतदान दलों को न देकर सेक्टर सुपरवाइजर एवं प्रबंधन दलों को सौंपी जाएगी। मतदान दल सीधे 21 जुलाई को सीधे मतदान केन्द्रों पर पहुंचेंगे। सेक्टर सुपरवाइजर एवं प्रबंधन दल द्वारा संबंधित मतदान दलों को मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सभी सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया मतदान केन्द्रों पर सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक केंद्र पर हेल्प डेस्क को स्थापित किया गया है। किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। ज्ञात हो कि मतदान 22 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक चलेगा।

## सच्ची भक्ति और श्रद्धा से मिलती है भगवान शिव की कृपा



**बनवार।** भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष सावन महीने में बनवार ग्राम मैं चल रहे महा रुद्राभिषेक शिवार्चना के तीन दिवसीय आयोजन के दौरान पंडित ऋषिकांत गर्ग ने कहा भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए सच्ची भक्ति और श्रद्धा की आवश्यकता होती है। गर्ग जी ने बताया कि रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने लिखा है कि शिवरूप परमात्मा सभी प्राणियों के हृदय में ही स्थित है। काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह का आवरण हटने पर शिव कृपा का प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सकता है। एक बार सावन के महीने में प्रसिद्ध शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। अचानक आकाश मार्ग से एक सोने की थाली प्रकट हुई और भविष्यवाणी हुई कि जो कोई भगवान शिव का सच्चा भक्त होगा, उसे आशीर्वाद स्वरुप यह सोने की थाली प्राप्त होगी। बड़े-बड़े महात्मा, दानी, भक्त पधारे और थाली को उठाने का प्रयास करने लगे। लेकिन जब भी कोई थाली उठाता, वह पीतल की हो जाती। एक साधारण व्यक्ति ने जब थाली उठाई, तो वह सोने की ही रही। इससे पता चला कि वह व्यक्ति सच्चा शिव भक्त था। इससे शिक्षा मिलती है कि भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए सच्ची भक्ति और श्रद्धा की आवश्यकता होती है, न कि बाहरी दिखावे की।

सावन माह का दूसरा सोमवार आज, शिवालयों में उमड़ेगी शिवभक्तों की भीड़

# शिव भक्ति से धैर्य संयम और स्थिरता की मिलती है सीख, आत्मविश्वास बड़ी शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

सावन का महिना शिव की शक्ति पूजन उपवास उल्लास और प्रकृति के उन्माद का माह है इस माह में प्रकृति की छटा अनुपम होती है, जो सावन में भगवान शिव को समर्पित है। सावन के माह में सोमवार व्रत का विधान है। इसी माह में 16 सोमवार के व्रत शुरू किया जाता है, जो हर मनोकामना पूरी। करती है इस माह में हर कोई शिव की भक्ति भी करते हैं लेकिन महिलाएं व गर्ल्स भगवान शिव की पूजा बहुत मन से करती है और उन्हें हर साल सावन मास और शिव पूजन का इंतजार रहता है। कहते हैं कि शिव की पूजन से उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। सावन में महिलाएं व गर्ल्स शिव की भक्ति में लीन है। उनका कहना है कि भगवान शिव से हमें धैर्य, संयम और स्थिरता की सीख मिलती है। आज सावन माह का दूसरा सोमवार है भगवान बाबा भोलेनाथ की



पूजा सेन कहती है कि सावन माह में हर साल कुछ न कुछ खास होता है मेरी भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा ज्यादा है। इस बार चार सावन सोमवार है हर सोमवार को अलग अलग मंदिरों में जाकर भोलेनाथ का आशीर्वाद लेती हूं हर सोमवार को घर में मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजन अर्चन कर नदी में विसर्जित करती हूं।

**पूजा सेन तेन्दूखेड़ा**



रुपाली केवट केवट कहती है कि भगवान भोलेनाथ का रूप जितना सुंदर लगता है, उतने ही यह भोले भी हैं। इसलिए हर व्यक्ति उन्हीं को खुश करने का प्रयास करता है मैं भी शिव व पर्वती जी की पूजा करना नहीं भूलती हूं सावन माह चल रहा है इसलिए में इस समय प्रतिदिन शिव मंदिर जाकर उनकी पूजा अर्चना जरूर करती हूं

**रुपाली केवट तेन्दूखेड़ा**



प्रज्ञा कटारे कहती है कि भगवान महादेव के पास हर समस्या का समाधान होता है। उनकी कृपा दृष्टि जिस पर बनी रहती है वो व्यक्ति कभी भी गलत राह पर नहीं चलता है। महादेव सदैव अपने भक्तों का मार्गदर्शन करते रहते हैं। उनको सही राह दिखाना और आध्यात्मिक जीवन की तरफ चलने के लिए प्रेरित करते हैं ।



जानवी रजक कहती है कि भगवान शिव जी आराध्य देव है उनसे परोपकार की प्रेरणा मिलती है। भगवान शिवजी ने सिखाया है कि आत्मविश्वास बहुत बड़ी शक्ति है। खुद पर विश्वास है तो चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। मैं उनको ही सबसे ऊपर मानती हूं। आज सावन माह का दूसरा सोमवार है भोलेनाथ की आराधना करूंगी।



अश्वनी राजपूत कहती है कि यह महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। इस माह की गई शिव जी की भक्ति से हर मनोकामना पूर्ण होती है। शिवजी की पूजा करने से शांति मिलती है। इसलिए भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर उनके समक्ष अपनी मनोकामना रखती हूं और प्रतिदिन पूजा अर्चना करना अच्छा लगता है।

**अश्वनी राजपूत तेन्दूखेड़ा**



पूजा नामदेव कहती है कि जो भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते है उनकी भोलेनाथ सभी मनोकामन पूरी करते हैं मैं तो हर सोमवार को सावन माह का पर्व मनाती हू और मंदिर जाकर भोलेनाथ का अभिषेक व दर्शन करने के बाद कुछ काम करती हूं शिवजी से बहुत सकारात्मक ऊर्जा मिलती है इसलिए यह त्योहार बहुत अच्छे से मनाती हूं।

**पूजा नामदेव तेन्दूखेड़ा**



कंचन साहू कहती है कि भगवान शिव से हमें धैर्य, संयम और स्थिरता की सीख मिलती है। भगवान शिव को मैं अपना ईष्टदेव मानती हूं। वैसे तो सालभर उनकी पूजा अर्चना करती हूं, लेकिन सावन माह बेहद खास होता है। हर साल इस माह का इंतजार रहता है। मैं प्रत्येक सोमवार को व्रत रख रही हूं।

**कंचन साहू तेन्दूखेड़ा**

## पेपरलेस पद्धति से चुनाव करवाकर दमोह बनाने जा रहा है प्रदेश में अपनी पहचान – सारिका

### कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा की गई पहल पर दमोह में राज्य निर्वाचन आयोग का चुनावी नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मंगलवार को दमोह जिला प्रदेश मे अपना एक विशेष स्थारन बनाने जा रहा है जहां जनपद सदस्यच के उपनिर्वाचन के लिये मतदाता पेपरलेस बूथ के माध्याम से अपना प्रतिनिधि चुनने जा रहे हैं । कलेक्टार श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा की गई पहल के आधार पर मप्र राज्य निर्वाचन आयोग पेपरलेस पद्धति के आधार पर पायलेट प्रोजेक्टु में इस चुनाव को यहां करने जा रहा है । मतदाताओ से इसमे उत्सीाह से भाग लेकर इसे सफल करने की अपील करते हुये स्टे ट आईकॉन सारिका घारू ने यह बात कही । सारिका ने कहा कि इसमें पेपरलेस पद्धति के साथ-साथ बिना इंटरनेट यानी ऑफलाइन पद्धति से पूरा मतदान प्रक्रिया होगी । मंगलवार 22 जुलाई 2025 को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होने जा रहे उपचुनाव में वोट देने वाले व्यधक्ति अपने सिग्नोचर मतदाता रजिस्टीर मे न करके सिग्नेचिर पेड पर करेगे इसके अलावा अंगूठा लगाने के लिये अंगूठा डिवाइस की व्येवस्थाु होगी । खास बात यह भी है कि मतदान केंद्र मे प्रवेश करने के बाद जब वोट देने जा रहा व्यक्ति अपनी पर्ची को मतदान अधिकारी को दिखायेगा तो उसके सरल क्रमांक के मिलान के आधार पर सामने लगे टीवी स्क्री न पर मतदाता की फोटो तथा अन्यर जानकारी दिखाई देगी । इससे एजेंट भी संतुष्टल हो सकेंगे कि सही मतदाता अपनी वोट देने आया है ।

#### पेपरलेस प्रक्रिया में और क्या है नया

पेपरलेस प्रकिया में निर्वाचक नामावली, मतदाता पर्चियाँ, मतदाता रजिस्टर एवं विभिन्न प्रारूप लैपटॉप में इन्सटॉल कर प्रदाय किये जायेंगे। नवीन प्रकिया में स्टेप बाय स्टेप सारे प्रपत्र लैपटॉप पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से भरने की कार्यवाही की जायेगी। यह प्रपत्र लैपटॉप में आटोमैटिक जनरेट होगे, जिससे संख्यात्मक जानकारी त्रुटि रहित होगी ।

#### दमोह जिले में कहां हैं यह चुनाव -

यह उपचुनाव जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16-गैसाबाद में सम्मिलित ग्राम पंचायत 03 यथा गैसाबाद, गरेंह, बलेह में 09 मतदान केंद्रों में इंटीग्रेटेड सिस्टम पेपरलेस प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचन सम्पन्न होगा।

### खबर संक्षेप

## नदी में जल क्रीड़ा करते हुए बच्चे ले रहे आनंद

तेंदूखेड़ा। नगर में स्थित गौरैयां नदी इस समय लोगों की केंद्र बिंदु बनी है बड़ी खेरमाई के पास से निकली यह नदी बच्चों के लिए इस समय तैराकी सीखने, एवं तैराकी करने का मुख्य स्थान बना है सुबह से ही बच्चे बुजुर्ग महिलाएं यहां स्नान करने के साथ मां भवानी सहित देवी देवताओं के दर्शन मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। सुबह से शाम तक नदी किनारे बच्चों और युवाओं की भीड़ जमा हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर में अनियमित जल आपूर्ति से जीवन कठिनाई मै गुजर रहा है। गुरैया नदी में नहाकर और तैरकर वे आनंदित हो रहे हैं। लोग शाम के समय अपने परिवार और दोस्तों के साथ यहां समय बिता रहे हैं। जहां पर आत्मा शांति का अनुभव करते हैं। हालांकि नदी ज्यादा गहरी नहीं होने के कारण कोई डर की बात नहीं है। लेकिन घटना की आशंका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। स्थानीय निवासी सोनू,राय राजू साहू, रत्नेश जैन, रूपेश घोषी, संतोष साहू, गोविंद, जितेंद्र, के अनुसार गुरैया नदी इस समय प्राकृतिक स्विमिंग पूल का काम कर रही है। यह न केवल बारिश में आनंद दे रही है बल्कि लोगों को एक साथ मिलने-जुलने का अवसर भी प्रदान कर रही है।

## सासंद श्री लोधी ने छात्राओं से किया संवाद

**दमोह**। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने पथरिया विधानसभा के नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास नरसिंहगढ़ का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही दी जा रही सुविधाओं के सम्बंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सासंद श्री लोधी ने छात्राओं से संवाद किया। इस अवसर पर लक्मण सिंह लोधी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, छात्राएं की उपस्थिति रही।

### देखते ही ग्रामीणों ने बांस से पिंजरे को किया गेट बंद, पिंजरे में कैद हुआ मगरमच्छ

# ब्यारमा नदी के हटरी बड़े घाट मछली खाने में घुसा 12 फीट का मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



दमोह रेंज की कनिया घाट ग्राम पंचायत के हटरी गांव की ब्यारमा नदी के बड़े घाट में 12 फीट का मगरमच्छ पिंजरे कैद हो गया है दरअसल 11 जुलाई को कनिया घाट पर मगरमच्छ के हमले से एक महिला की मौत के बाद वन विभाग के द्वारा कनिया घाट के आसपास ब्यारमा नदी के किनारे किनारे मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए थे। उसी में से एक पिंजरे में हटरी गांव के ब्यारमा नदी बड़े घाट में यह विशालकाय मगरमच्छ आखिरकर कैद हो गया मगरमच्छ इतना बड़ा था कि पिंजरे में नहीं बना रहा था वह तो भला हो नदी उस पार बसे ग्रामीणों का जिन्होंने पिंजरे में मछली खाने के लिए घुसे मगरमच्छ को देख लिया और फोन करके नदी इस पार हटरी के ग्रामीणों को सूचना दी। और ग्रामीणों ने दूर से लंबे बांस की मदद मगरमच्छ को हड़काया और घबराहट में मगरमच्छ पिंजरे में घुसकर पलट गया । मगरमच्छ के पलटते ही ग्रामीणों ने पिंजरे की खिड़की बांस के सहारे दूर से बंद कर दी । बताते हैजब मगरमच्छ पिंजरे में मछली खाने के लिए गया था तो अपने जबड़े से पिंजरे की खिड़की खोलकर आधा घुसा हुआ मछली खा रहा था लेकिन पूरा पिंजरे के अंदर नहीं गया था और उसकी पूछ करीब 4 फीट पिंजरे खिड़की से बाहर निकली थी और मछली खाकर पिंजरे बाहर निकलने की फिराक में उसी संभावित खतरे को देखते हुए ग्रामीणों ने दूर से आधी खुली खिड़की को पूरा बंद कर दिया नतीजन मगरमच्छ पिंजरे से बाहर नहीं निकल पाया और तार से खिड़की को बांध दिया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को अपने कब्जे में लिया और दमोह मुख्यालय से वन विहार भोपाल में छोड़ने के लिए भेजा जा रहा है ।

### बीते साल इसी जगह एक बालक की मौत हुई थी

कनिया घाट पटी ग्राम पंचायत के गांव हटरी बड़े घाट से मगरमच्छ पिंजरे के कैद हुआ इसी स्थान पर बीते वर्ष 13 जुलाई 2024को बालक कृष्णा पिता अर्जुन लोधी को मगरमच्छ ने अपनी जबड़े में फंसा कर नदी में खींच ले गया था और उसकी मौत हो गई थी उसी दौरान घटना के बाद वन विभाग के द्वारा पिंजरे रखे गए थे और एक बार मगरमच्छ पिंजरे में रखे शिकार को खाकर पिंजरे से बाहर निकल गया था और करीब 1 साल से मगरमच्छ चकमा दे रहा था लेकिन इस वर्ष 11 जुलाई के बाद रखे गए पिंजरे में आज मगरमच्छ कैद कैद हो गया और कुछ हद तक ग्रामीणों ने राहत की सांस ली लेकिन ग्रामीणों ने बताया अभी एकऔर इतना ही बड़ा मगरमच्छ नदी में कभी कभार दिखाई देता है मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रखे गए पिंजरे की साइज विशालकाय मगरमच्छ की साइज देखते हुए छोटी पड़ गई थी । विक्रम चौधरी दमोह रेंजर ने बताया 13 जुलाई को कनिया घाट पटी में मगरमच्छ के हमले से हुई महिला की मौतके बाद कनिया घाट पटी के आसपास मगरमच्छों की मूवमेंट को देखते हुए पिंजरे रखे गए जिस में से एक पिंजरे में हटरी बड़े घाट में मगरमच्छ कैद हो गया पिंजरे में कैद मगरमच्छ करीब 12 फीट का था दमोह जिले में मगरमच्छों के हमले की घटनाओं को देखते हुए मगरमच्छ को वन विहार भोपाल भेजा जा रहा है।

## वन विभाग की लापरवाही: मगरमच्छ की दहशत और पिंजरों की औपचारिकता



**जबेरा**। दमोह के नोहटा थाना क्षेत्र में व्यारमा नदी के कनिया घाट पर मगरमच्छ के हमले से एक महिला की मौत के बाद वन विभाग की लापरवाही सामने आई है। वन विभाग ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए थे, लेकिन उनमें न तो गोश्त रखा गया और न ही गेट खोले गए, जिससे पिंजरे बेकार साबित हो रहे हैं। मगरमच्छ के हमले की घटना 11 जुलाई को श्रावण मास के पहले दिन हुई थी, जब मालती बाई पति मेघराज सिंह व्यारमा नदी के कनिया घाट पर स्नान करने और पूजा के लिए ताजा जल भरने गई थी। मगरमच्छ ने उसे दबोच लिया और गहरे पानी में खींच ले गया, जिससे महिला की मौत हो गई। वन विभाग की लापरवाही के कारण पिंजरे बेकार साबित हो रहे हैं और दस दिन बीतने के बाद भी मगरमच्छ पिंजरे में कैद नहीं हुआ है। मगरमच्छ की दहशत आज भी ग्रामीणों में बनी हुई है। मृतक महिला के पति मेघराज सिंह और परिजन दौलत सिंह, बसोरी सिंह, गोविंद सिंह सहित ग्राम वासियों ने मांग की है कि वन विभाग को चाहिए था घटना घटित होने के बाद मगरमच्छ को पकड़ने के लिए ठोस और जिम्मेदारी वाला कदम उठाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। लेकिन वन विभाग के द्वारा लापरवाही का नतीजा है कि पिंजरे खाली पड़े हुए हैं।

ईश्वर जरांडे डीएफओ दमोह का कहना है ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दी गई इसके बाद कल पिंजरों के गेट खुलवा दिए थे और गोश्त रखवा दिया था।

# असाटी समाज ने निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह





श्रावण माह के शुभ अवसर पर असाटी समाज की तीनों समितियों जिसमें वरिष्ठ समिति, युवा समिति, महिला समिति, संयोजक देवेंद्र असाटी, सहसंयोजक रूपेंद्र गोलू असाटी, रचना प्रमोद असाटी व दमोह क्षेत्र के सभी समाज बंधुओ के सहयोग से भव्य कावड़ यात्रा रविवार सुबह 10 बजे से निकाली गई। इस कावड़ यात्रा को देख सभी प्रफुल्लित हुए। असाटी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मालती असाटी, महिला अध्यक्ष नेहा असाटी, शिक्षक महेश असाटी, शैलेंद्र शैलू असाटी, युवा उपाध्यक्ष सृजन असाटी ने बताया यह कावड़ यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर निकल रही थी, तभी कावड़ यात्रा को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की जगह-जगह भीड़ देखी गई.कावड़ यात्रा का शुभारंभ असाटी वार्ड-1 स्थित संस्कार भवन से किया व श्री राम मंदिर में पंडितों द्वारा कावड़ पूजन करके यात्रा को आगे बढ़ाया गया। कावड़ यात्रा में छोटे बच्चों के द्वारा निरंतर डमरू की ध्वनि की गई। देवी स्वरूप छोटी बच्चियों की सुंदर झांकियां और उनके साथ छोटे बच्चे त्रिशूल लिए हुए सजाए गये व शिव पार्वती की सुंदर स्वरूप बनाए गए। कलश लिए हुए भी महिलाएं कावड़ यात्रा का हिस्सा बनी व महिलाओं पुरुषों की संख्या करीब 800 रही। कावड़ यात्रा का शहर के बकौली चौक पर राजू असाटी, कपिल सोनी और पूर्व नपा अध्यक्ष मनु मिश्रा, कैलाश भंडार, हनुमानगढ़ी मंदिर में गुड़िया इंटरप्राइजेज ओमप्रकाश जगदीश और सचिन असाटी, श्री जानकी रमण बूंदाबहु मंदिर, शक्ति फोटोकॉपी पीताम्बर सचिन असाटी, कोतवाली चौराहा पर विनय असाटी, जेल मंदिर में पंडित संजय गौतम,वैश्य समाज पदम इटोरिया, केसी अग्रवाल, जुगल अग्रवाल सत्य प्रकाश असाटी, अनिल अग्रवाल, बेलाताल पर साहिल और उनकी टीम के द्वारा शानदार रूप से फूल की पंखुड़ी और पेयजल से स्वागत सत्कार किया गया। कावड़ यात्रा में समाज की महिलाओं व पुरुषों द्वारा कावड़ लिए हुए शिव मंत्रों का जप करताल ध्वनि में करते हुए कावड़ यात्रा दमोह जटाशंकर धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया।

इसके पश्चात सभी समाज बंधुओ ने प्रसादी ग्रहण की और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी समाज बंधुओ का पूर्ण सहयोग रहा। अंत में बेहतर व्यवस्था रहने पर सकल असाटी समाज की तीनों समितियों ने पुलिस-प्रशासन, यातायात, मंदिर ट्रस्ट और नगर पालिका का आभार व्यक्त किया।

## दुकानदारों की लाखों की बिक्री पर पक्का बिल नहीं

**पथरिया**। नगर में बहुत से ऐसे प्रतिष्ठान खुलें है जहां लाखों रूपए की प्रतिदिन बिक्री हो रही पर ग्राहकों को सादे कागज पर पैसे जोड़कर बता दिया बस हो गया किसी भी दुकानदार द्वारा ग्राहकों को पक्का बिल नही दिया जा रहा है जीएसटी व सेल टैक्स के अधिकारी द्वारा भी कभी कार्यवाही नहीं की जाती जिससे सब अपनी अपनी मनमानी करते रहते या फिर कहें तो सब कुछ मिलीभगत से चल रहा हो मगर जब जब जिलें में कहीं कार्यवाही होती है तो इतना जरूर करते हैं कि उस समय अपनी दुकान बंद कर लेते हैं ताकि अगर कोई अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण करने आ भी जाए तो प्रतिष्ठान बंद देखकर चला जाएगा। टैक्स ग्राहकों से तो लिया जाता है हर दुकानदार द्वारा पर क्या वह ईमानदारी से शासन को अदा कर रहा इसकी भी तो जांच होना चाहिए हर विभाग में निगरानी के लिए अधिकारी नियुक्त हैं पर यहां देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई हो नही।

### कमजोर पड़ी हटा पुलिस, लोग बोल रहे तो क्या फायदा सीसीटीवी कैमरे लगाने का, अब रात्रि में घूम रही नकाबपोश गैंग

# 'तीसरी आंख' ने कई बार पकड़े बदमाश, फिर भी उन्हें महीनों में नहीं पकड़ पा रही पुलिस

**हटा**। कहीं यदि चोरी या लूट हो जाए और वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं हो तो पुलिस का पीड़ितों से यहीं सवाल रहता है कि यहां सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं हैं? यदि सीसीटीवी कैमरे होते तो हम बदमाश तक पहुंच सकते थे। लेकिन हटा शहर में अब तक ऐसी कई वारदातें घटित हो चुकी है और उन्हें अंजाम देकर भागे बदमाश सीसीटीवी कैमरों ने पकड़ लिए हैं, लेकिन इसके बाद भी हटा पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पा रही है। जिसकारण कई वारदातों के आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद भी फरार बने हुए हैं। दरअसल वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए नपा ने शहर में कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए हैं। इसके अलावा नगर के मार्केट में प्रतिष्ठित दुकानों पर भी सीसीटीवी कैमरा दुकानदारों द्वारा लगाए गए हैं। वहीं पुलिस थानों में समय-समय पर होने वाली बैठकों में भी पुलिस के अधिकारी व्यापारियों और लोगों से अपने प्रतिष्ठानों व घरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कहते हैं और तर्क देते है कि यदि कहीं इस प्रकार की घटना हो तो सीसीटीवी फुटेज के आधार आरोपी तक शीघ्र पहुंचा जा सकेगा। लेकिन पुलिस बदमाशों के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो जाने के बाद भी उन्हें पकड़ नहीं पा रही है। ताजा मामला विगत डेढ़ महिने पूर्व नगर के नवोदय वार्ड टकराई एरिया में एक किसान यूनियन बैंक से एक लाख रुपए निकाल कर बाइक से घर पहुंचा सवार तो वह घर के सामने रखी साइकिल को हटाने लगा इस दौरान घात लगाए पीछा कर रहे बदमाशों ने बाइक से पैसों का फैला निकालकर बाइक से रफू चक्कर हो गए थे।मौके से भागे बाइक सवार युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये थे, लेकिन पुलिस उसे डेढ़ महीने से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी पकड़ नहीं पाई है। शहर में ऐसी ओर भी कई वारदाते है, जिनके आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद भी पकड़ में नहीं आ सके है। लोगों का कहना है कि जब बदमाश सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बावजूद भी पकड़ में नहीं आ रहे हैं तो फिर कैमरे लगाने का क्या फायदा। जब भी इस संबंध में हटा पुलिस से बात की जाती है तो हर बार एक ही जबाब होता है कि बाइक सवार अभी पकड़ा नहीं गया लेकिन फुटेज के जरिए उसकी तलाश की जा रही है। इसके पहले के ऐसे मामलों की मुझे जानकारी नही हैं लेकिन ऐसे मामलों का पता करते हुए कार्रवाई की जाएगी। अभी फिलहाल विगत दिनों से नकाबपोश बदमाशों की गैंग रात्रि के दौरान नगर में घूम रही है जिसकी फुटेज सीसीटीवी कैमरो में कैद हुई है जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है लेकिन गौर करने वाली बात है कि इसकी जानकारी हटा पुलिस को नहीं है जबकि पुलिस को नगर व क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की पल पल की जानकारी होती है। इससे अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। उन्हें सड़कों पर भी कोई डर नहीं है। वारदात करके वे रफू चक्कर हो जाते हैं। लगता है यह क्षेत्र अपराधियों को सुरक्षित लगने लगा है। ऐसे कई सवाल हैं, जो जनमानस के मन मस्तिष्क को झंकृत कर रहे हैं।

# ग्रीन मिशन टीम ने दमयंतीपुरम में किया वृहद वृक्षारोपण

### पूर्व वित्तमंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया ने वृक्षारोपण कर ग्रीन मिशन की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



ग्रीन मिशन दमोह टीम के द्वारा हाउसिंग बोर्ड दमयंतीपुरम में दमोह विधायक पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक ए, बी, सी मार्ग पर वृक्षारोपण किया गया। श्री मलैया ने पर्यावरण संरक्षण अभियान में ग्रीन मिशन टीम और दमयंतीपुरम के लोगों द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण की प्रशंसा की और कहा कि यह आयोजन एक सार्थक पहल के साथ हो रहा हैं जिससे धरती को हरा भरा बनाया जा सकता हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर्यावरण प्रभारी रमन खत्री ने बताया कि मिशन ग्रीन टीम पिछले 10 वर्षों से सिद्धार्थ मलैया के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रही हैं और सघन वृक्षारोपण करती आ रही है। स्कूल , कॉलेज, शासकीय कार्यालयों, मंदिर परिसर में लाखों उन्नत वृक्षों का रोपण कर चुकी हैं और अधिकतर पौधे वृहत रूप ले चुके हैं। संयोजक महेन्द्र जैन, पतंजलि आरोग्य और योग संगठन से कृष्ण कुमार परोहा, योगी दीपक राजपूत, ग्रीन मिशन टीम मनीष तिवारी, विकास जैन, दमयंती मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, मंडल उपाध्यक्ष वेद दुबे, मंडल महामंत्री मनीष सोनी, श्याम विश्वकर्मा,आदित्य सिरोठिया, बाबू सोनी, दमयंती नगर वासी निखिल परोहा, पुरुषोत्तम महदेले, उधम सिंह, लक्ष्मण सिंह, दिलीप मिश्रा, सौरभ राय, कृष्ण कुमार दुबे, श्रीमति राधा सोनी, साधना जैन, डॉ अभिनंदनी जैन, सीता परोहा, नीता तिवारी, सुरेंद्र सिंह, उदय चंद जैन,कुलदीप सिंह, हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी एन के गुप्ता, नीरज पटेल ने उन्नत वृक्षों का वृहद रोपण किया। इस आयोजन के बाद श्री मलैया ने पतंजलि आरोग्य केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र जैन ने वृक्षारोपण में सहयोग करने वाले अतिथियों और दमयंतीपुरम के निवासियों का आभार जताया।

# इलेक्ट्रिक की दुकान में निकला जहरीला गुहेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंग्रामपुर

ग्राम सिंग्रामपुर रविवार की दोपहर इलेक्ट्रिकल की दुकान में गुहेरा निकलने से हड़कंप की स्थिति बन गई दुकानदार अपनी सूझबूझ से दुकान के बाहर निकल पाया प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश साहू सिंग्रामपुर मे पौड़ी तिराहा में इलेक्ट्रिकल्स की दुकान डिब्बे मे खोले हुए हैं दोपहर को घर से खाना खाकर पुहचे दुकान की शटर खोलकर दुकान के अन्दर प्रवेश किया अचानक नजर गुहेरे पर पड़ी आनन फानन दुकान के बाहर निकले आसपास के दुकानदारो सूचना दी लोगों कि मदद से सर्प मित्र को बुलाकर गुहेरा को पकडकर जंगल छुडबाया गया। ग्रामवासियों ने बताया रविवार होने से बडा हादसा टला क्योंकि पीछे स्कूल आंगनबाडी संचालित होती हैं जो आज रविवार होने से बंद थी स्कूल प्रांगण में बच्चे खेलते रहते है।

# गैसाबाद जनपद सदस्य उपचुनाव में मतदाताओं की नहीं दिखाई दे रही रुचि

**गैसाबाद**। हटा जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद उपचुनाव के लिए कल 22 जुलाई को मतदान होना है, इस चुनाव में मतदाताओं की कोई खास रुचि दिखाई नहीं दे रही है ,न शोर सराबा, न हो हल्ला कहीं से ऐसा नहीं लग रहा है कि इस क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया चल रही है मतदाता एकदम खामोशी अख्तियार किए हुए हैं, उपचुनाव में क्षेत्र का कोई बड़ा चेहरा एवं वरिष्ठ नेताओं की दावेदारी नहीं होने के कारण यहा का चुनावी माहौल रोचक एवं गर्म जोशी वाला नजर नही आ रहा है, जनपद सदस्य के इस उप चुनाव में लोगों की अधिक दिलचस्पी भी दिखाई नहीं दे रही है, ऐसा प्रतीत होता है कि यह चुनाव ना जीत की खुशी और ना हार का गम की तर्ज पर चल रहा है मतदाता भी एकदम खामोश है कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा है हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने जब क्षेत्र के मतदाताओं से रूबरू होकर चुनाव को लेकर चर्चा की तो लोगों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में नेता सिर्फ चुनाव के समय ही दिखाई देते हैं उसके बाद कोई देखने नहीं आता की हम किस हाल में हैं, क्षेत्र के लोगों का कहना है कि चुनाव है तो वोट डालने तो जाएंगे लेकिन सिर्फ औपचारिकता के लिए ही मतदान करेंगे मतदान है, इसलिए वोट तो किसी न किसी को देना ही पड़ेगा, इस चुनावी समर में उम्मीदवारो की संख्या तो पांच है लेकिन चुनावी स्पर्धा दो या तीन उम्मीदवारों के बीच होती हुई दिखाई दे रही है क्षेत्र में ऐसी जन चर्चा चल रही है, खैर चुनाव चुनाव होता है पता नहीं ऊंट किस करवट बैठता है।

## हिण्डोरिया में निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर कल

**हिण्डोरिया**। सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर मे आगामी 22 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 03 बजे तक एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में डॉ. पवन कुमार यादव ने बताया कि उक्त शिविर में चयनित होने वाले मरीज का इलाज आयुष्मान भारत योजना कार्ड के अंतर्गत निशुल्क किया जाएगा। मरीज को आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड शिविर मे साथ लेकर आना होगा। जांच के दौरान जो भी मरीज पात्र होगा । उसे उसी दिन शिविर स्थल से सुख सागर अस्पताल जबलपुर के वाहन से उपचार के लिए ले जाया जाएगा। एवं वापिस भी छोडा.जायेगा। मरीज के भोजन, आवास एवं यात्रा की व्यवस्था निः शुल्क रहेगी। उक्त शिविर आयोजक पार्षद शानु खान एवं समाज सेवी सुजात खान ने सभी वर्ग समुदाय के लोगों से उक्त नेत्र शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## स्कूल में मरम्मत राशि में से लाखों खर्च फिर भी छत से टपक रहा पानी

**पथरिया**। जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मनकोरा में एकीकृत शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला में स्कूल की छत से पानी टपकता था जिसमें सुधार कार्य के लिए जिला प्रशासन ने गौड़ खनिज की राशि करीब 4 लाख 30 हजार रुपए निमार्ण एजेंसी ग्राम पंचायत मनकोरा को दिए गए लेकिन संबंधित एजेंसी द्वारा जिस ठेकेदार से कार्य कराया गया उसने घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिसके कारण जैसे पहले बारिश में छत से पानी टपकता था वैसे अब काम होने के बाद भी टपक रहा है ऐसे में शासन के पैसे खर्च करने का क्या औचित्य रहा। जिला प्रशासन से मांग है कि उक्त एकीकृत शाला में दी गई मरम्मत राशि की निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराई जाए व छत का सुधार कार्य संबंधित एजेंसी पर कार्यवाही की जाएं।

## मंत्री का अनोखा अंदाज: काफिला रोककर ठेले वाले से खरीदे भुट्टे

**बनवार**। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का अनोखा अंदाज देखने को मिला जब उन्होंने अपने काफिले को रोककर एक ठेले वाले से भुट्टे खरीदे और ऑनलाइन पेमेंट किया। यह घटना दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र की है, जहां मंत्री जी ने जबेरा की विदारी मार्ग घाटी पर भुट्टे की दुकान पर अचानक गाड़ी रुकवाई और दुकानदार से बातचीत की। मंत्री जी ने न केवल भुट्टे खरीदे, बल्कि उन्हें भुंजवाकर अपने साथियों के साथ खाया भी। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने भी भुट्टे खरीदने शुरू कर दिए। मंत्री जी के इस अनोखे अंदाज की वजह से उनकी सादगी और जनता के करीब होने की बातें कही जा रही हैं।

## विकास पंचतत्व में विलीन

**दमोह** । स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत विकास कोरी का आकस्मिक निधन हो गया। विकास मध्य प्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग दमोह में पदस्थ रहे शारदा प्रसाद कोरी के जेष्ठ पुत्र थे एवं वर्तमान में वह पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पैथोलॉजी विभाग में पदस्थ थे। गत 17 जुलाई की रात्रि में जब वह दिनभर ड्यूटी करने के बाद अपने घर जा रहे थे तभी उनके सिर में अचानक तेज दर्द हुआ और उन्होंने सड़क किनारे मोटरसाइकिल खड़ी करके फोन करने का प्रयास किया। वेदना इतनी तीव्र थी कि विकास वही बैठ गए और फिर बेहोश हो गए। सूचना मिलने पर उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया इसके बाद जबलपुर रेफर किया गया। जबलपुर में चिकित्सकों के द्वारा विकास को ब्रेन हेमरेज बताया और यह जवाब दे दिया कि इसका इलाज संभव नहीं है। पिछले 24 घंटे से दमोह जिला चिकित्सालय में अब वेंटिलेटर आईसीयू में चिकित्सारत विकास कोरी की आत्मा ने 20 जुलाई को नश्वर शरीर को प्रातः 6:00 बजे छोड़ दिया। 40 वर्ष की इस अल्प आयु में विकास सभी का मनमोहा सभी का चहेता बना रहा। विकास कोरी की अंतिम शव यात्रा परशुराम नगर हिरदेपुर से प्रारंभ होकर सुरेखा कॉलोनी स्थित मुक्तिधाम पहुंची। जहां उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी।